बिहार सरकार

मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग

(राजभाषा)

सूचना

'राजभाषा' पत्रिका के लिए रचनाओं का आमंत्रण

हिन्दी त्रैमासिकी 'राजभाषा' पत्रिका, वर्ष–40, अंक–4 (जनवरी–मार्च, 2027) 'कविवर सत्यनारायण विशेषांक' के लिए स्तरीय रचनाएँ आमंत्रित हैं। लेखकों, कवियों एवं साहित्यकारों से अनुरोध है कि दिनांक–27.11.2026 तक कविवर सत्यनारायण के व्यक्तित्व एवं कृतित्व से संबंधित हिन्दी की किसी भी विधा, यथा–आलेख, गीत, कविता, संस्मरण, समालोचना आदि में प्रणीत अपनी मौलिक, अप्रकाशित एवं कम्प्यूटर द्वारा टंकित रचनाएँ, अपने जीवनवृत्त एवं पासपोर्ट आकार के रंगीन छायाचित्र, पत्राचार का पूरा पता एवं दूरभाष/चलभाष संख्या के साथ, अधोहस्ताक्षरी को उपलब्ध करायी जाय।

जाति/धर्म/संप्रदाय आधारित बातों से सामाजिक वैमनस्यता बढ़ाने वाली तथा निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त रचनाएँ विचारणीय नहीं होगी।

चयनित रचना के रचनाकारों को गद्य रचना, लघुकथा, नियमित कविता तथा छोटी कविता के लिए क्रमशः ₹2000/– (दो हजार), ₹750/– (सात सौ पचास), ₹1500/– (एक हजार पाँच सौ) तथा ₹500/– (पाँच सौ) रूपये मात्र मानदेय (इस शर्त्त के साथ कि पत्रिका में किन्हीं एक रचनाकार की अधिकतम दो लघुकथा/छोटी कविता प्रकाशित की जाएगी) का उपबंध है। मानदेय भुगतान हेतु प्रेषित रचना के साथ बैंक खाता संबंधी अग्र उल्लिखित सूचनाएँ एवं दस्तावेज संलग्न करें :– 1. बैंक का नाम....., 2. शाखा....., 3. खाता संख्या....., 4. IFSC कोड....., 5. PAN संख्या....., 6. बैंक पासबुक के प्रथम पृष्ठ की छायाप्रति....., 7. PAN कार्ड की छायाप्रति.....

रचनाओं के प्रकाशन का सर्वाधिकार विभाग के पास सुरक्षित है। अस्वीकृत रचनाओं की वापसी का प्रावधान नहीं है।

05/11/2026

(डॉ० मो० फैसल अब्दुल्लाह)
निदेशक
मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग (राजभाषा)
फणीश्वरनाथ रेणु हिन्दी भवन
छज्जूबाग, पटना–800001
मो0–9472270215